Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 03 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-210

## 6 सितंबर को चांद पर परचम लहराएगा भारत

**चंद्रयान-2 की काउंटडाउन शुरू**



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने चांद पर दोबारा जाने की मुहिम तेज़ कर दी है. इसरो इसके लिए 9 जुलाई से 16 जुलाई के बीच चंद्रयान-2 का प्रक्षेपण करेगा, जिसकी 6 सितंबर तक चांद पर पहुंचने की उम्मीद है. चंद्रयान-2 में तीन मॉड्यूल हैं- ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर. ऑर्बिटर मॉड्यूल चंद्रमा की कक्षा में चारों तरफ चक्कर लगाएगा, लैंडर मॉड्यूल चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और रोवर मॉड्यूल चंद्रमा के सतह पर घूम-घूमकर आंकड़े इकट्ठे करेगा.

चांद की कक्षा में चंद्रयान-2 के पहुंचने के बाद लैंडर निकलकर चांद की धरती पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा. भारत ने इससे पहले जो चंद्रयान मिशन भेजा था, उसमें रोवर और लैंडर नहीं थे पर इस बार इनको भी मिशन का हिस्सा बनाया गया है. इसरो ने चंद्रयान-2 को पहले 2017 में और फिर 2018 में लॉन्च करने की कोशिश की थी लेकिन यह संभव नहीं हो पाया.

इसरो का कहना है कि लैंडर को दक्षिणी ध्रुव पर उतारा जाएगा. इसके लिए अभी तक दो जगहों को चुना गया है जिनमें से एक जगह को फाइनल किया जाएगा.

दक्षिणी ध्रुव को चुनने के पीछे की वजह यहां की जमीन काफी मुलायम होना है जिसके कारण लैंड रोवर को मूव करने में कोई दिक्कत नहीं होगी. बता दें कि रोवर में छह पहिए हैं और इसका वजन 20 किलो है. पिछली बार चंद्रयान-1 को 2008 में लॉन्च किया गया था पर ईंधन की कमी के कारण यह 29 अगस्त 2009 को खत्म हो गया था. इसी समस्या से बचने के लिए इस बार चंद्रयान-2 को इसरो ने सोलर पावर के उपकरणों से लैस किया है।

## मोजांबिक में केनेथ चक्रवात का कहर, 41 लोगों की मौत, 200 से ज्यादा घायल



**संयुक्त राष्ट्र।** दक्षिण अफ्रीकी देश मोजांबिक में केनेथ चक्रवात से 41 लोगों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि केनेथ चक्रवात से कोमोरोस में भी सात लोगों की मौत हो गयी 200 से अधिक लोग घायल हुए है।

दुजारिक ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के कार्यालय ने यह भी बताया कि मोजाम्बिक में कम से कम 37700 घर क्षतिग्रस्त हो गए है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र कर्मियों ने चक्रवता प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों परिवारों के लिए तिरपाल, परिवार किट, टेंट और स्वच्छ पानी आपूर्ति की है। उन्होंने बताया कि चक्रवात ने कोमोरोस में 80 प्रतिशत खेतों और 60 प्रतिशत से अधिक फसलों को नष्ट कर दिया गया है और कम से कम 3800 घरों में नष्ट हो गए है। उल्लेखनीय है कि एक महीने पहले आये इडाई चक्रवात में 600 से अधिक लोगों के मारे गये थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नेपाल में घुसने का प्रयास करने पर इजरायली गिरफ्तार

**देहरादून(आरएनएस)।** बिना वैध वीजा के भारत से नेपाल में घुसने का प्रयास कर रहे एक इजरायली नागरिक को उत्तराखंड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसी उससे पूछताछ करने में जुटी हैं। इजराइली नागरिक गोवा से भी वांछित बताया गया है। ड्रग्स नेटवर्क से भी आरोपी के तार जुड़े होने की बात सामने आ रही है। पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अशोक कुमार ने बताया कि उत्तराखंड पुलिस ने बनबसा (चंपावत) में चेकिंग के दौरान इजराइली नागरिक यानिव बेनिम को पकड़ा है। आरोपी बिना वैद्य वीजा के नेपाल जाने की फिराक में था। पुलिस सक्रियता के चलते वह अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया। आरोपी से पुलिस और खुफिया एजेंसी पूछताछ कर रही है। प्रथम दृष्ट्या यह पता चला कि इजरायली नागरिक यानिव बेनिम गोवा में एक मामले में वांछित है। गोवा पुलिस को भी इस बारे में बताया गया है। यानिव बेनिम के ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े होने की जानकारी मिल रही है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### महिला डॉक्टर की गला काटकर निर्मम हत्या

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के रंजीत नगर में एक महिला डॉक्टर की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई है. रिपोर्ट के अनुसार, मृतका डॉक्टर गरिमा मिश्रा एमबीबीएस के बाद एमडी की तैयारी कर रही थी. इस घटना के बाद उनके बगल के कमरे में रहने वाले दो लड़के भी गायब हैं. मूलरूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच की रहने वाली डॉक्टर गरिमा रंजीत नगर में किराए के मकान में रहती थीं. वे मकान की तीसरी मंजिल पर रहती थीं. ऐसा बताया जा रहा है कि तीसरी मंजिल पर ही दो और डॉक्टर रहते थे. वे दोनों भी एमडी की तैयारी कर रहे थे. पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद गरिमा के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद मिला है. उसने दरवाजे पर ताला लगा हुआ था. गरिमा का चचेरा भाई दिल्ली में ही रहता है और उसने ही मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी थी. जिसके बाद पुलिस ने कमरे का ताला तोड़ा और अंदर गरिमा का शव पड़ा था. ऐसा कहा जा रहा है कि गरिमा के बगल के कमरे में रहने वाले लड़के उसे पहले से जानते थे. उनमें से एक लड़का डॉक्टर गरिमा के साथ एक अस्पताल में काम भी कर चुका है.

### एलओसी पर भारत-पाक के बीच गोलीबारी

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू एवं कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा पर गुरुवार को भारत व पाकिस्तान की सेनाओं के बीच भारी गोलीबारी जारी है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा, पाकिस्तान ने सुबह 9.30 बजे पुंछ में शाहपुर व किरनी सेक्टरों में नियंत्रण रेखा पर अकारण संघर्ष विराम का उल्लंघन शुरू कर दिया। उन्होंने छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू की और मोर्टार भी दागे। उन्होंने कहा, भारतीय सेना मुंह इसका तोड़ जवाब दे रही है। फायरिंग व गोलाबारी अब भी जारी है। पाकिस्तान सेना द्वारा नियंत्रण रेखा पर करीब एक पखवाड़े की शांति के बाद गुरुवार को संघर्ष विराम का उल्लंघन हुआ है।

### हवाई हमले में चार आतंकवादी ढ़ेर

**काबुल ।** अफगानिस्तान के दक्षिणी उरूजगान प्रांत की राजधानी तिरिन कोट शहर के बाहर स्थित तालिबान उग्रवादियों के ठिकाने पर सुरक्षा बलों के लक्षित हवाई हमले में चार आतंकवादी मारे गये तथा तीन अन्य घायल हो गये। सेना के गुरुवार को जारी वक्तव्य के मुताबिक लड़ाकू विमानों ने तालिबान लड़ाकों के ठिकानों को पिछले 12 घंटे से निशाना बनाया तथा आतंकवादियों के हथियारों के ठिकाने को भी ध्वस्त कर दिया। वक्तव्य के मुताबिक हवाई हमले के दौरान कोई भी नागरिक या सुरक्षाकर्मी हताहत नहीं हुआ। तालिबान आतंकवादियों ने इस हमले पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## सर्वोच्च न्यायालय ने बीसीसीआई मामले की सुनवाई टाली



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के मामले की सुनवाई गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति एस.ए. बोबडे और न्यायमूर्ति ए.एम. सप्रे की खंडपीठ के समक्ष होनी थी लेकिन गुरुवार को संबंधित पीठ के नहीं आने पर यह नहीं हो सका। इससे पहले इसकी सुनवाई 25 अप्रैल को स्थगित की गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय में कई अंतरिम आवेदनों के लंबित होने पर एमिकस क्यूरी पी.एस. नरसिम्हा ने लोधा पेनल के प्रस्तावों पर राज्य संघों की आपत्तियों पर चर्चा करने के लिए 24 अप्रैल को प्रशासकों की समिति (सीओए) के तीन सदस्यों के साथ-साथ राज्य क्रिकेट इकाइयों के अधिकारियों से मुलाकात की थी। एमिकस क्यूरी ने राज्य संघों को बताया था कि अपना अनुदान पाने के लिए उन्हें अपने संगठन को लोधा समिति की सिफारिशों के अनुसार पंजीकृत करना होगा। राज्य के एक वरिष्ठ बताया कि नरसिम्हा के साथ बैठक इस उद्देश्य के साथ की गई थी कि राज्य संघों की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान दिया जाए और उनका समाधान निकाला जाए। अधिकारी ने कहा, एमिकस ने सीओए के साथ मिलकर राज्य संघों के अधिकारियों से बातचीत की और राज्य संघों ने सर्वोच्च अदालत में अपने मुद्दों को लेकर जो याचिका दायर की है उसका समाधान निकालने की कोशिश की। ऐसा महसूस किया गया है कि समय के साथ सीओए का राज्य संघों के प्रति रवैया रूखा हो गया है।

## मसूद अजहर पर सुरक्षा परिषद के फैसले को लागू करें: गुटेरेस



**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उम्मीद जतायी है कि पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर पर सुरक्षा परिषद के फैसले पर परिषद के सभी सदस्य देश अमल करेंगे जिसमें उसका नाम प्रतिबंधित सूची में डालते हुए उसके बैंक खाते को सील कर दिया गया है और उसकी विदेश यात्राओं पर रोक लगा दी गयी है।

श्री गेटेरेस प्रवक्ता स्टीफन डॉजरिक ने अजहर के खिलाफ सुरक्षा परिषद की ओर से बुधवार को की गयी कार्रवाई की प्रतिक्रिया में यह बात कही है। गौरतलब है कि श्री डॉजरिक ने कहा, जब सुरक्षा परिषद के सभी देश मिलकर किसी फैसले पर पहुंचते हैं तो परिणाम उत्तम होता है। हमें पूरी आशा है कि सुरक्षा परिषद के सभी सदस्य देश इस फैसले को अमल में लायेंगे। श्री गुटेरेस ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र के कदम की एक अहम कड़ी है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान से गतिविधियां चलाने वाले मसूद अजहर को बुधवार को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित कर दिया। पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड मसूद अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र में पिछले 10 वर्ष में चार बार प्रस्ताव पेश किया गया और हर बार चीन ने वीटो का इस्तेमाल कर इसमें अड़ंगा लगा दिया। चीन ने गत मार्च में सुरक्षा परिषद में अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से अजहर पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर भी कुछ समय के लिए रोक लगा दी थी। उसने हालांकि मंगलवार को संकेत दे दिया था कि वह अजहर के खिलाफ प्रतिबंध को लेकर अपनी आपत्ति वापस ले सकता है और कहा था कि अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित करने के महत्वपूर्ण मुद्दे का उचित समाधान निकाला जायेगा।

संयुक्त राष्ट्र के इस कदम को भारत की बड़ी कूटनीतिक विजय माना जा रहा है जो जैश सरगना को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित करने के लिए विश्व समुदाय पर लगातार दबाव बना रहा था। खास तौर पर जब से इस आतंकवादी संगठन ने पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर हमले की जिम्मेदारी ली थी, तब से भारत ने अजहर को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित कराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रखा था। पुलवामा में 14 फरवरी को हुए इस हमले में 40 से अधिक सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये थे।

## संघर्ष विराम उल्लंघन के मामले में अब तक 140 लोगों की मौत

**अदेन।** यमन के सरकारी सुरक्षा बलों ने बुधवार को हाउती विद्रोहियों पर 3719 बार संघर्ष विराम उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इस दौरान दिसम्बर से अब तक 140 नागरिकों की मौत हो गयी।

राष्ट्रीय सेना के प्रवक्ता अब्दु माजली ने उत्तरी प्रांत मारिब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा 18 दिसंबर 2018 के बाद से होदेइदाह प्रांत में हाउती विद्रोहियों ने 3719 संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। माजली ने कहा कि इस दौरान 140 नागरिक मारे गये है और 811 अन्य घायल हुए है इसमें अधिकतर महिलायें और बच्चे है।

## तटीय इलाके से निकाले जाएंगे 8 लाख लोग, 103 ट्रेनें रद्द

**» फानी से निपटने की तैयारी**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बंगाल की खाड़ी में उमड़ रहा चक्रवाती तूफान फानी विकराल होता जा रहा है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर 200 किमी/प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। इसे लेकर ओडिशा, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। अनुमान के अनुसार, चक्रवात फानी ओडिशा तट तक 3 मई तक पहुंचेगा।

इस चक्रवाती तूफान फानी के मद्देनजर ईस्ट कोस्ट रेलवे ने ओडिशा में 103 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। भीषण चक्रवाती तूफान की वजह से यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रनों को रद्द करने का फैसला किया गया। साथ ही रेलवे ने यात्रियों को कार्यक्रम के मुताबिक यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है। राज्य सरकार ने तटीय और निचले इलाकों में रहने वाले करीब 8 लाख लोगों को गुरुवार शाम तक सुरक्षित स्थान में पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

ओडिशा के भद्रक और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम के बीच रेलवे सेवाओं को निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा भुवनेश्वर और पुरी की ओर जाने वाली ट्रेनों को गुरुवार यानी 2 मई की शाम से रोक दिया जाएगा। ईस्ट कोस्ट एक्सप्रेस और कोरोमंडल एक्सप्रेस 2 मई को हावड़ा से नहीं चलेगी. इसके अलावा हावड़ा से पुरी के लिए जानी वाली ट्रेनें भी रद्द रहेंगी। बेंगलुरू, चेन्नई और सिकंदराबाद की गाड़ियों को भी हावड़ा तक के लिए रद्द कर दिया गया है।

बता दें कि ये न सिर्फ ओडिशा के लिए बल्कि यूपी के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। यूपी के कन्नौज सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा के साथ पूर्वी हवाएं 30 से 40 किलोमीटर चलने की अत्यधिक संभावना बताई गई है।

किसानों और भंडार गृहों को मौसम विभाग की ओर से जारी चेतावनी में कहा गया है नमी व तेज हवा से फसल के होने वाले नुकसान से बचनाने के लिए कटी फसल, खुले में रखे अनाज, एवं खेतों में तैयार खड़ी फसल को काटकर सुरक्षित रखने की समुचित व्यवस्था कर लें। पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर चल रहा है।

## अब दिल्ली मेट्रो वसूल सकता है जुर्माना



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अगर आप भी नियमित तौर पर दिल्ली मेट्रो से आते-जाते हैं तो ये खबर आपके लिए बेहद महत्वपूर्ण है. डीएमआरसी ने ट्विटर के ज़रिए बताया है कि अब किन-किन कारणों से यात्रियों पर जुर्माना लग सकता है. नए नियमों के तहत जो लोग मेट्रो के फर्श पर बैठकर सफर करते हैं उन्हें अब 200 रुपये जुर्माना देना हो. साथ ही उनकी टिकट भी ज़ब्त कर ली जाएगी और उन्हें ट्रेन से उतार दिया जाएगा.

जो यात्री मेट्रो के अंदर लड़ते-झगड़े या किसी भी तरह का उपद्रव करते पाए जाएंगे उनसे भी 200 रुपये जुर्माना लिया जाएगा. साथ ही उनकी टिकट भी ज़ब्त कर ली जाएगी और उन्हें ट्रेन से उतार दिया जाएगा. गैरकानूनी तरीके से मेट्रो में घुसना भी दंडनीय अपराध माना जाएगा जिसके लिए यात्री पर 150 रुपये का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है.

इसके अलावा डीएमआरसी ने अपने ट्विटर हैंडल से कई और अहम घोषणाएं साझा की हैं. जो यात्री मेट्रो स्टेशनों पर तैनात दिल्ली मेट्रो के अधिकारियों के काम में अवरोध पैदा करेंगे उनपर 500 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा.

डीएमआरसी उन यात्रियों से भी 500 रुपये जुर्माना वसूलेगी जो दिल्ली मेट्रो ट्रेनों के अंदर लगे अलार्म या संचार तंत्र से छेड़छाड़ करते पाए जाएंगे. बिना कारण अलार्म बटन दबाने वालों से 500 रुपये जुर्माना लिया जाएगा.

## हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत देने से किया इनकार

**» डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को झटका**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बलात्कार मामले में सजा काट रहें डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम और उसकी सहयोगी हनीप्रीत को हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत देने से मना कर दिया है। बता दें कि दोनों ने अलग-अलग आधारों पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से जमानत मांगी थी।

बुधवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान सरकार और सीबीआई ने राम रहीम द्वारा दायर की इस जमानत याचिका का विरोध किया। सीबीआई ने हाईकोर्ट से कहा कि लॉ एंड आर्डर के हिसाब से ठीक नहीं होगा। जब पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने याचिका डिसमिस करने की बात की तभी राम रहीम के वकील ने जमानत याचिका वापस ले ली। राम रहीम ने कोर्ट में मुंहबोली बेटी की शादी का हवाला दिया था। ये शादी सिरसा में ही होनी है, जिसके लिए राम रहीम जमानत की मांग कर रहा था। साध्वियों से रेप और पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्या का दोषी राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल में 20 साल की सजा काट रहा है। वहीं हनीप्रीत भी पंचकूला में दंगा करवाने के आरोप में अंबाला जेल में बंद है। हाल ही, डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की करीबी रही हनीप्रीत अपने खिलाफ चल रही ईडी की जांच के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। हनीप्रीत ने अपने खिलाफ चल रही ईडी की जांच पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## आदिवासियों पर बयान देकर फंसे राहुल

**» चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस**




**नईदिल्ली (आरएनएस)।** चुनाव आयोग ने बुधवार को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को नोटिस भेजा। राहुल को आदिवासियों को लेकर दिए गए उनके बयान पर नोटिस भेजा गया है। चुनाव आयोग ने उनसे 48 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्यप्रदेश के शहडोल में 23 अप्रैल को एक जनसभा को संबोधित करते हुए एक बयान दिया था, जिससे राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के लिए दिशानिर्देश के लिए आदर्श आचार संहिता के भाग (1) के अनुच्छेद (2) के तहत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है।

चुनाव आयोग ने यह कार्रवाई मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के नेता ओम पाठक और नीरज द्वारा चुनाव आयोग के पास राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शहडोल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, अब नरेंद्र मोदी ने एक कानून बनाया है। आदिवासियों के लिए एक नया कानून बनाया गया है, जिसमें एक पंक्ति लिखी हुई है कि अब आदिवासियों पर हमले किए जाएंगे, आपकी जमीन ली जएगी। आपका वन लिया जाएगा, आपका पानी छीना जाएगा।